Pratap Public School, Karnal

Pre-Board Examination- 2021-2022

Class - XII

Subject - Hindi (302)

Time : 2 Hours. M.M :40

Name .... Roll No. .... Section ....

सामान्य निर्देश :-

- निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उनका पालन करें।
- इस प्रश्न पत्र में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं।
- प्रश्न पत्र में प्रश्नों की कुल संख्या 7 है। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- प्रश्नों में अतिरिक्त विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।

(कार्यालयी हिंदी और रचनात्मक लेखन)

1. निम्नलिखित दिए गए 3 शीर्षकों में से किसी एक शीर्षक का चयन कर लगभग 200 शब्दों का एक रचनात्मक लेख लिखिए:- (5)
   - परीक्षा के दिन
   - एक कामकाजी महिला की शाम
   - परिश्रम की आदत
2. लड़कियों के साथ छेड़छाड़ रोकने तथा उनकी सुरक्षा करने के समुचित उपाय करने हेतु निर्देश देते हुए गृह मंत्रालय भारत सरकार की ओर से मुख्य सचिव, दिल्ली सरकार को एक पत्र लिखिए। (5)

   अथवा

   आपके शहर में चुनाव पोस्टरों की चारों ओर भरमार हो गई है। इससे लोगों को होने वाली असुविधा पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए 'राष्ट्रीय सहारा' के संपादक को एक पत्र लिखिए।
3. क) 'नाटक का शरीर' किसे कहा गया है? कारण सहित स्पष्ट करें। (3)

   अथवा

   कहानी का समापन या उसका चरम उत्कर्ष करते समय कहानीकार को किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

   ख) कहानी और नाटक में मुख्य अंतर क्या है?

   अथवा

   दृश्य-श्रव्य माध्यमों की तुलना में श्रव्य माध्यम की क्या सीमाएँ हैं? इन सीमाओं को किस तरह पूरा किया जा सकता
4. क) समाचार-लेखन की उलटा पिरामिड शैली का ढाँचा कैसे बनता है? इसके भागों के नाम लिखते हुए स्पष्ट कीजिए। (3)

   अथवा

   फीचर किसे कहते हैं? इसकी परिभाषा दीजिए।

   ख) समाचार लेखन के कितने ककार होते हैं? उन ककारों के नाम लिखें। (2)

   अथवा

   फ्रीलांसर पत्रकार किन्हें कहा जाता है?

Scanned with OKEN Scanner

पाठ्यपुस्तक आरोह भाग – 2 तथा अनुपूरक

पाठ्य पुस्तक वितान भाग – 2 (अंक 20)

(3×2=6)

5. निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

   (क) कविता के किन उपमानों को देखकर यह कहा जा सकता है कि 'उषा' कविता गाँव की सुबह का गतिशील शब्द – चित्र है?

   (ख) पेट की आग का शमन ईश्वर (राम) भक्ति का मेघ ही कर सकता है. तुलसी का यह काव्य. सत्य क्या इस समय का भी युग – सत्य है? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

   (ग) शायर फ़िराक गोरखपुरी राखी के लक्ष्य को बिजली की चमक की तरह कहकर क्या भाव व्यंजित करना चाहते हैं?

(3×3=9)

6. निम्नलिखित 4 प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

   (क) पहलवान की ढोलक की उठती .गिरती आवाज़ बीमारी से दम तोड़ रहे ग्रामवासियों में संजीवनी का संचार कैसे करती है? उत्तर दीजिए।

   (ख) 'मानचित्र पर एक लकीर खींच देने भर से ज़मीन और जनता बँट नहीं जाती है।' उचित तर्कों व उदाहरणों के जरिए इसकी पुष्टि करें।

   (ग) जाति – प्रथा भारतीय समाज में बेरोज़गारी और भुखमरी का भी एक कारण कैसे बनती रही है? क्या यह स्थिती आज भी है।

   (घ) शारीरिक वंश .परंपरा और सामाजिक उत्तराधिकार की दृष्टि से मनुष्यों में असमानता संभावित रहने के बावजूद आंबेडकर समता को एक व्यवहार्य सिद्धांत मानने का आग्रह क्यों करते हैं? इसके पीछे उनके क्या तर्क हैं?

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

   (क) 'ऐन की डायरी अगर एक ऐतिहासिक दौर का जीवंत दस्तावेज है, तो साथ ही उसके निजी सुख – दुख और भावनात्मक उथल – पुथल का भी। इन पृष्ठों में दोनों का फ़र्क मिट गया है।' इस कथन पर विचार करते हुए अपनी सहमति या असहमति तर्क पूर्वक व्यक्त करें। (3)

   अथवा

   सिंधु सभ्यता साधन संपन्न थी, पर उसमें भव्यता का आडंबर नहीं था। कैसे?

   (ख) 'डायरी के पन्ने के आधार पर औरतों की शिक्षा और उनके मानवाधिकारों के बारे में ऐन के विचारों को अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए। (2)

   अथवा

   कैसे कहा जा सकता है कि मुअनजो – दड़ो शहर ताम्रकाल के शहरों में सबसे बड़ा और उत्कृष्ट था?

Scanned with OKEN Scanner